कोटद्वार, बुधवार
18 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 53 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

## महिला यात्री की गौरीकुंड में मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ के दर्शन कर लौट रही एक महिला यात्री की गौरीकुंड गेट में पहुंचते ही अचानक मौत हो गई। महिला की यहां अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर गई। डीडीआरएफ की टीम ने महिला को गौरीकुंड अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को केदारनाथ से दर्शन कर लौट रही मध्य प्रदेश की 45 वर्षीय सुमित्रा बाई पत्नी रंग लाल जैसे ही सुबह 10 बजकर 27 मिनट पर गौरीकुंड गेट पर पहुंची तो उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। महिला जमीन पर गिर पड़ी। इसी बीच सूचना मिलते ही डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया कि महिला के शव को सोनप्रयाग पहुंचा दिया गया है। (एजेंसी)

## 21 जून को गंगोत्री–यमुनोत्री में योगा कार्यक्रम होंगे

उत्तरकाशी। जनपद में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" थीम पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के दोनों धाम श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री के अतिरिक्त पुरोला, चिन्यालीसौड़ तथा उत्तरकाशी मुख्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर नोडल,सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक नामित किए गए हैं। जनपद में आयोजित योग कार्यक्रमों के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट ने नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा कार्यक्रम समन्वयक नामित किए हैं। वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत हर्षिल,नेलांग एवं जादुंग क्षेत्र में भारतीय सेना एवं आई.टी.बी.पी. (भारत–तिब्बत सीमा पुलिस) के सहयोग से विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। सीमांत क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ये कार्यक्रम देश की सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों एवं स्थानीय ग्रामीणों में योग के महत्व को रेखांकित करेगा।

## कंपनी जाने की बात कहकर दो युवतियां गायब

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र से सेलाकुई स्थित एक कंपनी में जाने की बात कहकर गई दो युवतियां वापस नहीं लौटीं। परिजनों को शक है कि जिस कंपनी में वह जाने की बात कह रही थी, उसके कर्मचारी दोनों को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवतियों की खोजबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र के व्यक्ति ने तहरीर दी है। रविवार को उसकी बहन और उसकी दोस्त घर से यह कहकर निकली कि वह ग्लोबल मेडीकेड कंपनी सेलाकुई जा रहे हैं। वहां उन्हें अरजेंट बुलाया गया है, लेकिन उसके बाद शाम को दोनों युवतियां घर नहीं पहुंची। जिसके बाद उसने कंपनी जाकर पूछताछ की तो वहां से रामपुर चौई बस्ती और लांघा रोड छरबा के भी युवक की गायब होने की जानकारी मिली। जिसके बाद उसने दोनों युवकों के घर पता किया तो वह भी घर से गायब मिले। पीड़ित ने आशंका जताई है कि दोनों युवक ही उसकी बहन और उसकी दोस्त को भगाकर ले गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर युवतियों की तलाश की जा रही है।

## एक स्कूटर की टक्कर से दूसरे स्कूटर सवार की मौत

देहरादून। दून यूनिवर्सिटी रोड पर पशुपति हाइट के पास एक स्कूटर ने दूसरे स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि राकेश प्रसाद मैठाणी निवासी महालक्ष्मी पुरम, मोथरोवाला ने तहरीर दी। बताया कि उनके बड़े भाई सुंदरलाल मैठाणी बीते दो जून की रात करीब पौने दस बजे स्कूटर से घर आ रहे थे। तभी पशुपति हाइट के पास दूसरे स्कूटर चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। वहां मृत घोषित कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने मामले में हादसे को लेकर आरोपी स्कूटर सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नशा तस्करी पर सख्ती...**

## उत्तराखंड , यूपी, पंजाब हरियाणा सहित कई राज्यों के 15 ठिकानों पर छापा

देहरादून। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को प्रदेश में ऋषिकेश, हरिद्वार और काशीपुर में पांच फार्मा कंपनियों पर छापे मारे। मामला नशा तस्करों से इन कंपनियों के गठजोड़ का बताया जा रहा है। इन कंपनियों में सीबी हेल्थकेयर, सीमिलेक्स फार्माकेम ड्रग्स इंडस्ट्रीज, बायोजेनिक ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड, सोल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड और एस्टर फार्मा शामिल हैं। यहां पर विभिन्न तरह के दवाईयों और अन्य सामग्री के स्टॉक की जांच की जा रही है। ईडी के सूत्रों के अनुसार एजेंसी ने उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के 15 ठिकानों पर भी कार्रवाई की है। बताया गया कि पिछले साल उत्तराखंड एसटीएफ ने ड्रग्स तस्करी में एक मुकदमा दर्ज किया था। इसमें तस्करों और इन कंपनियों के गठजोड़ की बात सामने आई थी। इसके अलावा दवा




निर्माण के लिए कच्चे माल की खरीद का परीक्षण भी किया गया। तस्करों और कंपनियों के इस गठजोड़ में करोड़ों रुपये के धनशोधन का मामला भी बन रहा है। ऐसे में अब ईडी ने इसमें छापे के साथ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें कुछ लोगों की संपत्तियां भी अटैच हो सकती हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार नशे में प्रयुक्त की जाने वाली प्रतिबंधित श्रेणी की दवाओं की खेप नशा तस्करों तक पहुंचने के मामले में ड्रग पैडलर एलेक्स पालीवाल की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## केदारनाथ के लिए नहीं चले हेलीकॉप्टर

रुद्रप्रयाग : हेलीकॉप्टर हादसे के बाद दो दिन बंद हुई हेली सेवाएं तीसरे दिन खराब मौसम के चलते नहीं चल पाई। मंगलवार को सुबह से ही केदारघाटी में बारिश होती रही, जबकि आसमान में बादल छाए रहे। जिससे हेलीकॉप्टर सुरक्षा को देखते हुए उड़ान नहीं भर सके। इधर, 900 बुकिंगों में से 400 से अधिक बुकिंग कैंसिल हो गई हैं। गौरीकुंड के पास हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बाद बीते दो दिनों तक केदारघाटी में सरकार ने हेली सेवाओं के उड़ान पर रोक लगाई थी। जबकि मंगलवार को हेली सेवाएं दोबारा से शुरू होनी थी, किंतु सुबह से ही खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सके। हेली कंपंनियों की नजरें मौसम पर टिकी रही। जबकि डीजीसीए के सख्त निर्देश थे कि खराब मौसम में हेलीकॉप्टर न उड़ाया जाए। केदारघाटी के गुप्तकाशी, फाटा, शेरसी हेलीपैड से हेलीकॉप्टर हेलीपैडों पर ही रुके रहे। जबकि हेलीपैडों पर आए कुछ यात्रियों की टिकट कैंसिल कर दी गई है। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सके।

# नंदा राजजात यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम बनाएं : धामी

**मुख्य सचिव हर माह और मण्डलायुक्त प्रत्येक सप्ताह करेंगे यात्रा की तैयारियों की समीक्षा**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में 2026 में होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा की सभी तैयारियों में तेजी लाई जाए। भव्य नंदा राजजात यात्रा के आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। यात्रा की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जनप्रतिनिधियों, नंदा राजजात यात्रा समिति के सदस्यों और हितधारकों के सुझाव लिये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। यात्रा के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम बनाया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि नंदा राजजात यात्रा के सफल संचालन के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। पिछली यात्राओं के अनुभवों को ध्यान में रखते




हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा से संबंधित सभी पैदल मार्गों की अच्छी व्यवस्थाओं के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रा के पड़ाव पर श्रद्धालुओं को ठहरने की बेहतर व्यवस्थाओं के साथ ही भोजन और स्नान घरों की व्यवस्था के भी उन्होंने निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रा के दौरान हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा राजजात यात्रा बरसात के समय होती है, इसके दृष्टिगत संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये जाएं। यात्रा के अधिकतम पड़ाव वन क्षेत्र में होने के कारण वन और पर्यावरण की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं के लिए टेंट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा राजजात से संबंधित लोक गीत और लोक कथाओं का अभिलेखीकरण भी किया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा यात्रा के पड़ावों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि वे प्रतिमाह नंदा राजजात यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करें। गढ़वाल और कुमांऊ आयुक्त भी प्रत्येक सप्ताह यात्रा से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, अनिल नौटियाल, भूपाल राम टम्टा, सुरेश गड़िया, श्रीमती पार्वती दास, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा एवं संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार हुई फूलों की घाटी

### अब तक 1812 देशी–विदेशी पर्यटकों ने किया दीदार

चमोली : चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी इन दिनों पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार है। यहां 17 दिनों में घाटी के दीदार को 1812 पर्यटक पहुंच गए हैं। वहीं घाटी में बारिश होने से घाटी में फूलों के खिलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी गत 1 जून को पर्यटकों की आवाजाही के लिए खोली गई। जिसके बाद यहां देशी और विदेशी पर्यटकों की आवाजाही अच्छी संख्या में हो रही है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान की एसडीओ सुमन ने बताया कि घाटी में आवाजाही शुरु होने के 17 दिनों में यहां 1812 देशी और विदेशी पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंच गए हैं। बताया कि जहां 1794 भारतीय पर्यटकों




ने घाटी का दीदार किया है। वहीं वर्तमान तक 18 विदेशी पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंचे हैं।

कहा कि घाटी के दीदार के लिए पहुंच रहे पर्यटकों से नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान ने 3 लाख 43 हजार 250 की आय अर्जित कर ली है। उन्होंने कहा कि जहां घाटी में हो रही बारिश के चलते अब घाटी में अभी कुछ फूल खिलने लगे हैं। जबकि जुलाई से अगस्त के बीच घाटी फूलों से लकदक रहती है। ऐसे में घाटी के दीदार के लिए जुलाई से अगस्त के मध्य सर्वाधिक पर्यटक घाटी के दीदार के लिए पहुंचते हैं। (एजेंसी)

## अहमदाबाद विमान दुर्घटनाः 101 शव परिजनों को सौंपे गए, 135 डीएनए मैच हुए

अहमदाबाद,अहमदाबाद में दुखद एयर इंडिया विमान हादसे के छठे दिन अहमदाबाद सिविल अस्पताल में डीएनए सैंपलिंग और मैचिंग का काम युद्धस्तर पर जारी है. इस संबंध में सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि अब तक 135 डीएनए मैच हो चुके हैं और 101 शव परिजनों को सौंपे गए हैं. अहमदाबाद सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि मंगलवार सुबह 10:45 तक 135 डीएनए मैच हो चुके हैं. वहीं, 101 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं. इसके अलावा 12 परिवार आज कुछ घंटों में यहां से शव लेकर जाएंगे. बीजे मेडिकल कॉलेज के 4 छात्रों की मौत हुई है. इसमें एक डॉक्टर सूरत का है जो अपनी बहन से मिलने आया था. डॉ. राकेश जोशी ने आगे बताया कि डीएनए टेस्ट करना हमारी टीम के लिए बड़ी चुनौती है. शरीर के अंगों को देख पाना मुश्किल होता है, लेकिन टीम पूरी मेहनत से काम कर रही है. चूंकि डीएनए सैंपल मिलान और प्रक्रिया बहुत संवेदनशील है और इसमें कानूनी मामले भी जुड़े हैं.

# पत्नी की हत्या कर पति खुद भी फांसी पर झूला

हरिद्वार। हरिद्वार से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कनखल क्षेत्र में एक ई रिक्शा चालक ने सरिया और डंडे से पीट–पीट कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के बीच 12 साल का वैवाहिक संबंध था और एक गोद लिया बेटा भी था। हरिद्वार पुलिस ने पति–पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरिद्वार पुलिस के सीओ सीओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कनखल थाना क्षेत्र में जमालपुर कलां की वसंत कुंज कॉलोनी में ई रिक्शा चालक ऋषि कुमार अपनी पत्नी वर्षा के साथ रहता था। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर की छत पर कपड़े सुखाने के लिए लगाए गए एंगल के सहारे ऋषि कुमार का शव बगल के खाली प्लाट की तरफ फांसी पर लटका देखा तो कॉलोनी में सनसनी फैल गई। पुलिस पड़ोसी की छत के रास्ते ऋषि कुमार के घर पहुंची और शव उतरवाया। पुलिस प्रथम



तल पर पहुंची तो एक कमरे में ऋषि कुमार की पत्नी वर्षा का खून से लथपथ शव बेड पर पड़ा हुआ था। उसके सिर पर लोहे की सरिया और डंडे से किए गए गंभीर वार के निशान मिले। पास में ही सरिया और एक डंडा पड़ा था। प्रथम दृष्टि या पुलिस या मन रही है कि ऋषि कुमार ने पहले डंडे और सरिया से पीट–पीट कर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सामने का दरवाजा बंद मिला जिसके बाद सब पीछे के दरवाजे से दाखिल हुए। अंदर पत्नी का शव पड़ा था। यह भी पता चला कि पति ने पड़ोस में हत्या के बाद फोन भी किया था,जिसमें पति ने पूछा कि दीदी क्या मैं आपके यहां आ जाऊं? पुलिस ने आगे बताया कि दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि गुस्से में पति ने पत्नी की जान ली और आत्मग्लानि में खुद की भी जान ले ली।फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# खराब सेहत पर आस्था भारी, अनफिट होने के बाद भी चारधाम भेजे गए 1390 यात्री

देहरादून। चारधाम यात्रा में खराब सेहत भी तीर्थयात्रियों के कदम आस्थापथ पर नहीं रोक पर रही है। ऋषिकेश में चारधाम ट्रांजिट केंद्र में इस यात्राकाल में अभी तक 1,390 यात्रियों को स्वास्थ्य परीक्षण में यात्रा के लिए अनफिट घोषित किया गया है, लेकिन उनके यात्रा पर जाने की जिद के चलते वचन पत्र लेकर उन्हें चारधाम यात्रा पर जाने दिया गया। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश में चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण कार्यालय में 24 काउंटर स्थापित किए गए हैं।

इन काउंटरों पर ही यात्रियों को पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। जबकि, छह अतिरिक्त काउंटर यात्रा बस अड्डे पर भी संचालित किए जा रहे हैं। ट्रांजिट केंद्र में स्वास्थ्य विभाग अस्पताल का संचालन भी कर रहा है, जिसमें पांच



बेड की व्यवस्था यात्रियों के इलाज के लिए उपलब्ध है। जबकि, स्क्रीनिंग के लिए भी कई टीम डेस्क के माध्यम से केंद्र में काम कर रही है। इस साल 28 अप्रैल से संचालित अस्पताल में अभीतक 1,390 तीर्थयात्री स्वास्थ्य परीक्षण में यात्रा के लिए अयोग्य मिले हैं। उन्हें इससे अवगत कराने के साथ ही यात्रा न करने की सलाह तैनात चिकित्सकों ने दी है, लेकिन यात्रा पर जाने को अमादा यात्रियों से लिखित में खुद के रिस्क पर जाने के लिए वचन पत्र लिया गया है।

चारधाम यात्रा के लिए सोमवार को भी ट्रांजिट केंद्र में पंजीकरण के लिए यात्रियों की भीड़ जुटी। सुबह से लेकर शाम तक करीब नौ हजार यात्रियों ने धामों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, यूपी, राजस्थान, कर्नाटक, उड़ीसा, बिहार, आंध्रप्रदेश, गुजरात समेत विभिन्न राज्यों के यात्री शामिल रहे। संयुक्त निदेशक पर्यटन वाईके गंगवार ने बताया कि ऑफलाइन पंजीकरण में इस साल यात्रियों की आमद में इजाफा दर्ज किया गया है। कोटा निर्धारित होने से यात्रियों को त्वरित ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध हुई है। बताया कि प्रतिदिन औसतन 12 हजार यात्रियों को पंजीकरण अकेले ऋषिकेश में ही किया जा रहा है।

## तेहरान में फंसे कर्नाटक के नौ छात्र, विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग

बेंगलुरु, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की स्थिति बनी हुई है. इजराइल ने 12 जून 2025 को ईरान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया. कर्नाटक के नौ छात्र तेहरान में फंसे हुए हैं. ये सभी शाहिद बेहेश्टी यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं. तेहरान में फंसे छात्रों के कर्नाटक में उनके माता–पिता चिंतित हैं. एक छात्र नदीम हुसैन के माता–पिता ने बेंगलुरु में भारतीय प्रवासी समिति (एनआरआई फोरम) से मदद के लिए संपर्क किया. उन्होंने छात्रों को भारत वापस लाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की अपील की. उनकी याचिका पर प्रतिक्रिया देते हुए एनआरआई फोरम की उपाध्यक्ष डॉ. आरती कृष्णा ने विदेश मंत्रालय (एमईए) को पत्र लिखकर छात्रों को निकालने के लिए तत्काल कार्यवाही करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं. घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हैं. ईरान में आंशिक रूप से संचार व्यवस्था ठप हो गई है. इसे लेकर भी छात्रों के परिजनों ने चिंता जतायी है. रिपोर्ट बताती है कि रात के समय मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिए जा रहे हैं, जिससे छात्रों और श्रमिकों सहित कई फंसे हुए भारतीय अपने परिवारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं.

**नहाने के दौरान रील बनाने का शौक जान पर पड़ा भारी**

# युवक गंगनहर में डूबा

हरिद्वार। गंगनहर में नहाने के दौरान मोबाइल से वीडियो बनवाने का शौक सहारनपुर के एक युवक की जान पर भारी पड़ा। युवक का दोस्त अपने मोबाइल से वीडियो बनाता रहा और वह रैलिंग पार कर गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते युवक गंगनहर में डूब गया। यह पूरी घटना मोबाइल में कैद हो गई। अगली दोपहर पथरी पावर हाऊस में उसका शव भी बरामद हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव रोते–बिलखते स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पंजाबी बाग कॉलोनी, सहारनपुर निवासी विकास रविवार को अपने दोस्तों प्रमोद कुमार, सागर और विवेक त्यागी के साथ गंगा नहाने हरिद्वार आया था। घूमने–फिरने के बाद चारों दोस्त मध्य हरिद्वार में गोविंदपुरी गंगनहर घाट पर पहुंचे। यहां विकास गंगनहर में उतरा और अपने एक दोस्त को मोबाइल से वीडियो बनाने के लिए कहा। इसी बीच विकास गंगनहर की रेलिंग पार कर गहराई की ओर बढ़ गया। कुछ दूर तैरने के बाद उसने वापस रैलिंग तक आने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। देखते ही देखते वह गंगनहर में समा गया। विकास के दोस्त व अन्य चश्मदीदों की आंखे खुली रह गई। मोबाइल से बनाए गए वीडियो में साफ दिख रहा है कि विकास ने हाथ चलाते हुए रैलिंग की तरफ आने का भरसक प्रयास किया, मगर वह डूब गया।

सूचना पर जल पुलिस के गोताखोरों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, पर कुछ पता नहीं चल पाया। रात में ही स्वजन सहारनपुर से हरिद्वार पहुंच गए। सोमवार सुबह फिर पुलिस ने सर्च आप्रेशन चलाया। इसी बीच दोपहर के समय गंगनहर पर बने पथरी पावर हाउस से युवक का शव बरामद हुआ।

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत में सुधार

नई दिल्ली,। सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की हेल्थ पर अस्पताल से अपडेट आ गया है. अस्पताल के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उपचार के प्रति उनकी प्रतिक्रिया अच्छी है. वे पेट के संक्रमण से उभर रही हैं. उनके खान–पान पर बारीकी से नजर रखी जा रही है. वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं. एहतियात के तौर पर उनकी छुट्टी की तारीख अभी तय नहीं की गई है. डॉक्टरों की टीम जिसमें डॉ. एस. नंदी और डॉ. अमिताभ यादव शामिल हैं, उनके स्वास्थ्य और खान–पान पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं. बता दें कि अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण रविवार रात को उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया गया. उन्हें पेट से संबंधित परेशानी है.



गैस्ट्रोइंटेरोलाजी सर्जरी के विशेषज्ञ डा. समीरन नंदी की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ था. अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी थी कि वह रात 9:10 बजे अस्पताल पहुंचीं थीं. इसके बाद उन्हें भर्ती किया गया. उल्लेखनीय है कि इससे पहले सात जून को भी उनकी तबीयत खराब हो गई थी तब वह शिमला में थीं. उस दौरान उन्हें शिमला के ही अस्पताल में भर्ती किया गया था. बता दें कि 78 वर्षीय सोनिया गांधी को उम्र की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के चलते पहले भी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया जाता रहा है. इसी साल 20 फरवरी को भी उन्हें पेट संबंधी परेशानी होने पर सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उस दौरान सोनिया गांधी ने संसद के जब बजट सत्र में भी हिस्सा लिया था तब वह ठीक थीं. उन्हें आखिरी बार संसद में 13 फरवरी को देखा गया था. उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी. संसद में प्रश्न काल के दौरान सरकार से जनगणना जल्दी पूरी कराने के लिए भी कहा था. साथ ही 14 करोड़ से ज्यादा लोगों के खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रहने का भी सरकार पर आरोप लगाया था और सरकार से कई सवाल भी पूछे थे.

## हिमाचल में कहीं खाई में गिरी बस तो कहीं पलटा टेंपों ट्रैवलर, 3 लोगों की मौत

मंडी/लाहौल स्पीति, हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक बस खाई में गिर गई. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि 17 यात्री घायल हो गए. वहीं, लाहौल स्पीति में एक टेंपों ट्रैवलर सड़क से नीचे पलट गई. इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई. जबकि 21 यात्री घायल हो गए. इन दोनों सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई. जबकि कुल 38 यात्री घायल हुए हैं.

जानकारी के अनुसार, मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के पटड़ीघाट क्षेत्र में आज सवेरे एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. यह बस ढलवान से कलखर संपर्क मार्ग पर जा रही थी. इस दौरान ड्राइवर का बस पर से नियंत्रण खो गया और बस सीधे 200 मीटर गहरे खाई में जा गिरी.

# दून में डेंगू के दो नए मामले आए, अब तक 112 संक्रमित

देहरादून। दून में डेंगू का खतरा लगातार बना हुआ है। मंगलवार को डेंगू के दो नए मरीज मिले हैं। इनमें एक मरीज देहरादून और दूसरा बाहर से है। जिले में अब तक डेंगू के 112 मामले रिपोर्ट हुए हैं। जिनमें से 93 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में 19 सक्रिय मरीज हैं, जिनमें से नौ श्री महंत इंदिरेश अस्पताल, दो हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट, दो एम्स ऋषिकेश, चार ग्राफिक एरा अस्पताल और दो मरीज घर पर ही उपचार ले रहे हैं। डेंगू की रोकथाम के लिए आशा और डेंगू वालंटियर्स घर–घर सर्वे कर रहे हैं। मंगलवार को 14,465 घरों में सर्वे किया गया। जिनमें




69 घरों में लार्वा मिला। 97285 कंटेनर की जांच में 93 में डेंगू का लार्वा मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की लोगों से अपील है कि घरों और आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, गमले और पानी की टंकियों की नियमित सफाई करें। फिलहाल जिले में 19 सक्रिय मरीज हैं, जिनमें से नौ श्री महंत इंदिरेश अस्पताल, दो हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट, दो एम्स ऋषिकेश, चार ग्राफिक एरा अस्पताल और दो मरीज घर पर ही उपचार ले रहे हैं। डेंगू की रोकथाम के लिए आशा और डेंगू वालंटियर्स घर–घर सर्वे कर रहे हैं। मंगलवार को 14,465 घरों में सर्वे किया गया। जिनमें 69 घरों में लार्वा मिला। 97285 कंटेनर की जांच में 93 में डेंगू का लार्वा मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की लोगों से अपील है कि घरों और आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, गमले और पानी की टंकियों की नियमित सफाई करें।

## सम्पादकीय

# बेलगाम पर्यटक

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा एवं पर्यटन के लिए आने वाले अराजकता एवं फूहड़ता की हदें पार कर रहे हैं तो वहीं चेकिंग के नाम पर भी पुलिस द्वारा अभद्रता के मामले प्रकाश में आए हैं। ऐसे पर्यटकों और हुड़दंगियों के खिलाफ एक्शन लेना जरूरी है। यदि इसी प्रकार का रवैया उत्तराखंड आकर पर्यटक दिखाते रहेंगे तो कैसे राज्य पुलिस शांत रह सकती है। उत्तराखंड के लिए पर्यटन आय का एक प्रमुख स्रोत है और केवल इसमें चार धाम यात्रा ही शामिल नहीं है बल्कि राज्य के तमाम रमणीक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा दूसरे पर्यटन स्थलों को भी देश–विदेश से लोग देखने आते हैं। महज दावे और दिशा निर्देश देने से पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा निहित नहीं होती, बल्कि इसके लिए इस नीति का अनुसरण करने वाले भी कर्तव्यनिष्ठ तथा जिम्मेदार होने बेहद जरूरी है। पर्यटकों का यदि इसी प्रकार का रवैया और पूर्वाग्रह रहेगा तो कारवाई तो करनी पड़ेगी। पर्यटकों से पर्यटन गुलजार होता है और यदि पर्यटक ही इस प्रकार से सारे रहा देवभूमि की गरिमा के साथ खिलवाड़ करेंगे तो इसका जवाब भी उन्हें दिया जाएगा। इधर पुलिस को भी चेकिंग एव चालान के नाम पर यात्रियों को जबरन धमकाने एवं परेशान करने की प्रवृत्ति से बचना होगा। जबरन चालान करने के अतिरिक्त यातायात को सुव्यवस्थित तरीके से चलाना, मार्ग के अतिक्रमणों को मुक्त करना तथा दुर्घटना के समय तत्काल मौके पर पहुंचने को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा श्रद्धा और भक्ति से युक्त आयोजन है और इसमें किसी भी प्रकार के हुड़दंग, अभद्रता तथा अश्लीलता के लिए कोई जगह नहीं है। नियम एवं व्यवस्थाओं से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कारवाई तो करनी ही होगी अन्यथा ऐसे चंद मुट्ठी भर लोग न केवल दूसरों के लिए मुसीबत पैदा करेंगे बल्कि हंगामा की स्थिति भी पैदा करते रहेंगे। पर्यटक ऑन या फिर धार्मिक आयोजन में आने वाले यात्रियों को यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए कि वे किस प्रयोजन से उत्तराखंड जा रहे हैं और उनकी यात्रा में शालीनता एवं उक्त स्थल की गरिमा को बरकरार रखने की समझ जरूर होनी चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों कीसविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं जिसमें परिवहन व्यवस्था भी एक प्रमुख बिंदु है लेकिन देखा जा रहा है कि बाहरी राज्यों के कुछ बिगड़े पर्यटक इन व्यवस्थाओं को बिगाड़ने का काम भी कर रहे हैं। पर्यटन के नाम पर फुहारता एवं हुड़दंग किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# बीज से बाजार तकः किसान कल्याण को समर्पित सरकार

शिवराज सिंह

भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है, जहां किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। जब किसान मिट्टी को जोतता है तो वह सिर्फ फसल नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के लिए जीवन और समृद्धि का बीज बोता है। कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों–बहनों की उन्नति आवश्यक है।

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति–निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है। किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का हर कदम–हर योजना–हर निर्णय किसानकल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसानकल्याण के लिएऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन–रात काम किया है। किसान हितैनीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाज़ार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत एक ऐसी कृषि व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो।पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर आदरणीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट नीति बनाई कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50% मुनाफा सुनिश्चित होगा। आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के एमएसपी में 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गई है। कभी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2013–14 में 1310 प्रति क्विंटल था, जो 2025–26 में बढ़कर ?2369 हो गया है। इसी तरह ज्वार का एमएसपी 1500 से बढ़कर 3699, बाजरा 1250 से 2775, रागी 1500 से 4886, मक्का 1310 से 2400, तूर (अरहर) 4300 से 8000, मूंग 4500 से 8768, उड़द 4300 से 7800, मूंगफली 4000 से 7263, सूरजमुखी बीज 3700 से 7721, सोयाबीन (पीला) 2560 से 5328, तिल 4500 से 9846, रामतिल 3500 से 9537, कपास 3700 से 7710 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। रबी फसलों में गेहूं का एमएसपी 1400 से 2425, जौ 1100 से 1980, चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है।

2004–14 के मुकाबले 2014–2025 के दौरान एमएसपी पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी एमएसपी फसलें मिलाकर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गई हैं। किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गई है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़



(3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है।ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड एमएसपी वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आए। केंद्र सरकार ने केवल एमएसपी बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों–बहनों का जीवन व खेती की दशा–दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है।

आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है। ई–नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है।सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई–नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक–टिकाऊ बनाया जा रहा है।चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहतमूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया हैं। पीएसएस के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की एमएसपी पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024–25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100% खरीद सुनिश्चित की गई है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। पीडीपीएस के तहत तिलहन किसानों को एमएसपी व बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है।

राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गई है और आवश्यकता अनुसार समय–सीमा भी बढ़ाई जाती है। एमआईएस के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में एनसीसीएफ व नैफेड के माध्यम से की गई है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गई।महाराष्ट्र में तूर और असम में सरसों की खरीद की अवधि बढ़ाई गई है। कर्नाटक में अदरक की खरीद के लिए एमआईएस लागू किया गया है। सरकार ने मिशन आत्मनिर्भरता इन पल्सेज़ के तहत पीएसएस के लिए सरकारी गारंटी 45,000 करोड़ से बढ़ाकर 60,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा है, ताकि खरीद व भंडारण की प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। साथ ही, खरीदी गई फसलों के शीघ्र निपटान के लिए भी दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने टीओपी (टमाटर, प्याज, आलू) फसलों के भंडारण और परिवहन लागत की प्रतिपूर्ति के लिए भी नई व्यवस्था लागू की है।आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। खेती को उन्नत और विकसित बनाने के लिए हमारे वैज्ञानिक कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं।

लैब में होने वाली रिसर्च लैंड तक पहुंचे और किसान सीधे विज्ञान से जुड़े, इसके लिए देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 29 मई से 12 जून तक देश के 700 से अधिक जिलों में 16 हजार वैज्ञानिक गांव–गांव जाकर किसान भाइयों–बहनों को उन्नत खेती की तकनीक, बेहतर बीज, जैविक खाद और जलवायु अनुकूल खेती के तरीकों की जानकारी दे रहे हैं, जिससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि उन्नत कृषि के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी और गति मिलेगी।इन सभी पहलों और उपलब्धियों के साथ, मोदी सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक व निर्णायक कदम उठाए हैं। तकनीकी नवाचारों के साथ ये पहलें किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध व खुशहाल बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। यह प्रतिबद्धता भविष्य में भी अटूट रहेगी, ताकि हमारे किसान सशक्त बने व देश कृषि महाशक्ति की ओर अग्रसर हो।

# रोम जल रहा था नीरो बंशी बजा रहा था, राहुल गांधी भी वही कर रहे हैं

अजय दीक्षित

ईसा के बाद पहली सदी 55 में रोम में एक शासक हुआ नीरो। उसने अपने पूरे कुल का नाश कर दिया और अंत में रोम में आग लग वादी। इसके बाद वह एक ऊंचे टीले पर बैठ गया और बंशी बजाने लगा।यह बात कांग्रेस नेता एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर एक दम सटीक बैठती है। कांग्रेस रूपी रोम का सत्यानाश कर तत्कालीन सम्राट नीरो की भांति उल्लजुलूल व्यानबाजी कर बंशी बजा रहे हैं। उन्होंने 140 वर्ष पुरानी कांग्रेस पार्टी की बंशी बजा दी है।नीरो कथानक रोम का बहुत ही प्रतिष्ठित जूलियन क्लाउड्स परिवार का 55 एडी में बंशज होकर शासक हुआ।उसने पूरे परिवार को शनै शनै मार दिया और रोम में आग लगा दी खुद इसे देखकर आनंदित हो कर बांसुरी बजाने लगा। इटली में आज भी इस बकाया को सुनाया जाता है।भारत की 1885 में स्थापित कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी गयी थी और उस पार्टी ने 70 वर्ष इस देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में शासन किया।राहुल गांधी के परिवार के तीन प्रधानमंत्री बने।उनके पर नाना जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, ।केअब 2025 में राहुल गांधी उसी देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था को निशाना बना रहे हैं जो उनके पुरखों ने स्थापित की । 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर प्रश्न चिन्ह, भारत पाकिस्तान युद्ध में सेना पर प्रश्न चिन्ह, वायु सेना के कितने जेट गिरे,सीज फायर पर प्रश्न चिन्ह,संसद का विशेष सत्र, अपने बुजुर्ग नेता शशि थरूर, सलमान खुर्शीद,पी चिदंबरम पर अविश्वास, आदि ऐसे कारनामे में है कि वे नेता प्रतिपक्ष को सारगर्भित नहीं करते ।अब वे आगे आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से हार के अंदेशे से कन्नी काट रहे हैं।दरअसल 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को आशातीत सफलता हासिल तो नहीं हुई मगर 100 सीट जीतने से सम्मान रह गया और वह नेता प्रतिपक्ष भी बन गए। लेकिन 2014 से अब तक 42 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए जिसमें से एक हिमाचल प्रदेश,एक कर्नाटक,एक तेलंगाना में ही कांग्रेस जीत सकी है। बरना उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम,असम, नागालैंड, त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, आंध्र प्रदेश उत्तराखंड,केरल,में दो बार विधानसभा चुनाव हार चुकी है। देश में पूर्व से पश्चिमी और उत्तर से दक्षिण में ले दे के कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना में सरकार है ।राज्य सभा में सांसदों की संख्या 31 रह गई है।राहुल गांधी कांग्रेस की इस दशा के लिए नीरो के रोम की तरह जिम्मेदार हैं। वे कितने लोकतांत्रिक व्यवस्था के हामी यह इस घटना से मालूम हुआ था जब संसद द्वारा पारित उनके ही प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कागज को प्रेस ब्रीफिंग में फाड़ दिया था और सरकार अपना निर्णय बदलना पड़ा था।इस समय कांग्रेस इतनी गयी गुजरी पार्टी हो चुकी है कि महाराष्ट्र में शिवसेना के संजय राउत ने घोषणा की है कि वह अब कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव नहीं लड़ेगी । ममता बनर्जी ने तो कांग्रेस से लोकसभा चुनाव में ही पल्ला झाड़ लिया। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस बोझ समझती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप जैसी छोटी पार्टी ने अलग चुनाव लड़ा। तमिलनाडु, केरल में क्षेत्रीय पार्टी जितनी सीट दे दें वह स्वीकार है।मप्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा,में 10–20 साल तक कोई उम्मीद नहीं है।कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी है कि कोई नया कार्यकर्ता क्यों पार्टी से जुड़े इसका कोई संस्थान नहीं है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, कमलनाथ, सरीखे उम्र दराज नेता हैं, अंबिका सोनी अभी भी सक्रियता चाहती हैं, मनीष तिवारी,आनंद शर्मा को घर बैठा दिया है।कितनी अनहोनी बात है कि केंद्रीय सरकार ने कांग्रेस द्वारा सुझाए उन नामो को दर किनार कर दिया जो उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने थे जो भारत का पक्ष रखने विदेश जाने थे। क्योंकि राहुल गांधी ने 11 मई को युद्ध विराम के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछा था कि भारत के कितने लड़ाकू विमान गिर गए।

# डिटेक्टिव शेरदिल का ट्रेलर जारी, अनोखे जासूस की भूमिका में नजर आए दिलजीत दोसांझ

अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' में एक प्रतिभाशाली अन्वेषक की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में डायना पेंटी, बोमन ईरानी, रत्ना पाठक शाह, चंकी पांडे, सुमीत व्यास, बनिता संधू, कश्मीरा ईरानी और अन्य जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं।

ट्रेलर के अनुसार, वैश्विक आइकन दोसांझ को एक अरबपति व्यवसायी और उसके परिवार से जुड़े हत्या के मामले को सुलझाने का काम सौंपा गया है। डिटेक्टिव शेरदिल के निर्माताओं द्वारा साझा किए गए प्रेस नोट के अनुसार, फिल्म की कहानी एक तेजतर्रार अरबपति व्यवसायी (बोमन ईरानी द्वारा अभिनीत)



के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसकी बुडापेस्ट में जघन्य तरीके से हत्या कर दी गई थी।

इसके बाद ट्रेलर में दिलजीत दोसांझ को जासूस शेरदिल के रूप में पेश किया गया है, जो एक अपरंपरागत अन्वेषक है, जो हत्या के मामलों को सुलझाने में माहिर है। उसके साथ नताशा (डायना पेंटी) है, जो एक संतुलित और प्रतिभाशाली अन्वेषक है, जिसका दिमाग उतना ही तेज है जितना कि उसका व्यक्तित्व।

जैसे–जैसे दोनों पारिवारिक रहस्यों, विश्वासघात और अरबों डॉलर के इरादों के पेचीदा जाल में गहराई से उतरते हैं, मामला और भी पेचीदा और अप्रत्याशित होता जाता है, जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है।

जैसे–जैसे जांच आगे बढ़ती है, धोखे का एक दिलचस्प खेल सामने आता है, जहां हर संदिग्ध के पास कोई न कोई रहस्य छिपा होता है, जो कहानी का रुख बदल देता है। इसका निर्देशन और संपादन रवि छाबड़िया ने किया है।

# आरसीबी को पहला खिताब जीताकर सोफी डिवाइन ने रचा था इतिहास

नई दिल्ली, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फैंस के लिए चौंकाने वाली खबर सामने आई है. महिला प्रीमियर लीग 2024 की ट्रॉफी उठाने वाली आरसीबी की पहली खिताब जीत में टीम का हिस्सा रहीं सोफी डिवाइन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, जिन्होंने पिछले साल न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के लिए पहली बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 कप्तानी छोड़ दी थी, अब वनडे से संन्यास लेने वाली हैं. इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में होने वाला महिला विश्व कप 2025 उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा. सोफी डिवाइन, जो आगामी सितंबर में 36 साल की हो जाएंगी ने व्हाइट फर्न्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए खेल से दूर जाने का सही समय आ गया है. मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट का सपोर्ट मिला है, जिसका मतलब है कि मैं अभी भी



व्हाइट फर्न्स को कुछ दे सकती हूं. यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई जानता हो कि मैं इस ग्रुप को अपना सब कुछ देने के लिए केंद्रित और समर्पित हूं, इससे पहले कि मैं हटूं . डिवाइन ने कहा, मैं इस युवा टीम की प्रगति से बहुत उत्साहित हूं और मैं अगले छह से नौ महीनों में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं. उन्होंने उल्लेख किया कि यह फैसला काफी समय में लिया गया है और यह हल्के में नहीं लिया गया है और इसके पीछे काफी सोच–विचार किया गया है. बता दें कि, डिवाइन150 या उससे अधिक वनडे खेलने वाली 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं. वनडे क्रिकेट में वह 4000 रन के आंकड़े के करीब हैं और उनमें से 49 मैचों में वे न्यूजीलैंड का नेतृत्व कर चुकी हैं. डिवाइन ने इस वीडियो के जरिए साफ किया है कि वे न्यूजीलैंड के लिए टी20आई में खेलना जारी रखेंगी. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अगले साल दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में हिस्सा लेंगी या नहीं. दाएं हाथ की स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने अभी तक महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया है.

# मेरी गुनगुनाहट से ही ए.आर. रहमान ने बना लिया था पूरा गानाः जोनिता गांधी



प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी ने ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान के साथ काम करने के अनुभव को के साथ साझा किया। सिंगर ने बताया कि एक बार उन्होंने रहमान के एक गाने के लिए रिकॉर्डिंग से पहले केवल रिहर्सल के तौर पर कुछ पंक्तियां गुनगुनाई थीं। लेकिन यह साधारण–सी गुनगुनाहट ही रहमान को इतनी पसंद आई कि उन्होंने उसी को असली गाने में शामिल कर लिया।

जोनिता गांधी ने से बात करते हुए बताया, मैंने उनके साथ कुछ ऐसे गाने पर काम किया है, जिन्हें पहले से ही किसी गायक ने गाया हुआ था। ऐसे में मुझे उन गानों में बस अपने अंदाज में गाना होता था। यह काम करने का सबसे सीधा तरीका होता है। लेकिन जब गाने को बनाने की बात आती थी, तो कुछ चीजें अव्यवस्थित होती थीं।

## डीप नेक बॉडीकॉन ड्रेस में अवनीत कौर ने दिखाया हॉट अंदाज़

टीवी से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय और स्टाइल से फैंस का दिल जीतने वाली अवनीत कौर ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह डीप नेक ब्राउन बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद ग्लैमरस और बोल्ड नजर आ रही हैं. इस फोटोशूट में अवनीत खुले बालों, न्यूड मेकअप और न्यूड नेल्स के साथ एक कॉन्फिडेंट और एलिगेंट अंदाज़ में दिखाई दीं. एक्ट्रेस ने इस पोस्ट में कुछ कहने की बजाय केवल दिल वाले इमोजी कैप्शन में डाले, लेकिन उनके लुक ने इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है.

# नीदरलैंड और नेपाल मैच में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली, नीदरलैंड और नेपाल के बीच सोमवार को टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच खेला गया. इस दौरान इन दोनों टीमों में इतिहास रच दिया. इन दोनों ने वो कर दिखाया जो आज तक क्रिकेट के इतिहास में नहीं हुआ है. इस मैच में नीदरलैंड और नेपाल के बीच 3 सुपर ओवर खेले गए. उसके बाद जाकर इस मैच का रिजल्ट निकला है. इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट में एक मैच में 3 सुपर ओवर होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गए हैं. इस ट्राई सीरीज की तीसरी टीम स्कॉटलैंड हैं.

नीदरलैंड और नेपाल के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 152 बार रन बनाए. इसके बाद नेपाल की टीम भी 20 ओवर में 8



विकेट खोकर 152 रन बना पाई और मैच बराबरी पर छूट गया. इसके बाद मैच का रिजल्ट पाने के लिए सुपर ओवर कराया गया.नेपाल ने पहले सुपर ओवर में पहले खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए इसके बाद नीदरलैंड ने भी बिना कोई विकेट गंवाए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए कुशाल भुर्टेल ने दो छक्के और एक चौका लगाया और 18 रन बनाए. इसके जवाब में माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और 6 रन बनाए. जबकि मैक्स ओड्डॉड ने आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर कुल 12 रन बनाए.

इस मैच के दूसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 1 विकेट खोकर 17 रन बनाए. नेपाल ने बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया. नीदरलैंड के लिए कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने छक्के के साथ 9 रन बनाए. मैक्स ओ डॉड ने छक्के की मदद से 7 रन बनाए. नीदरलैंड के लिए दीपेन्द्र सिंह ऐरी 10 और कप्तान रोहित पौडेल ने 7 रन बनाए.

## एक नजर

### घंटाकर्ण मंदिर के आय-व्यय को पारदर्शी बनाने की मांग

नई टिहरी : गजा में हुई सात पट्टियों की बैठक में घंटाकर्ण धाम घंडियाल डांडा ट्रस्ट की कार्यकारिणी द्वारा कराये गये कार्यों में पारदर्शिता लाने की मांग की गई। गजा में स्थित बारात घर में धारअक्रिम, क्वीली, पालकोट, मनियार, दोगी, भरपूर, कुजणी पट्टी से आये घण्टाकर्ण के भक्तों की बैठक में घंटाकर्ण धाम ट्रस्ट घंडियाल डांडा क्वीली की कार्यकारिणी के मन्दिर परिसर में करवाये गये कार्यों एवं वित्तीय देन-लेन को पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक करने की मांग की गई। जखोली के निवर्तमान प्रधान विनोद विजल्वाण एवं त्रिलोक सजवाण ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए देश-विदेश से घण्टाकर्ण के भक्तों ने दान दिया है। लेकिन मन्दिर के आय-व्यय का लेखा-जोखा ट्रस्टियों ने आज तक सार्वजनिक नहीं किया है। इस मौके पर घण्टाकर्ण के पश्वा कुलवीर सजवाण, सुभाष सजवाण, निवर्तमान प्रधान राजेन्द्र सजवाण, परमजीत सजवाण, चन्दन सिंह पायल, विनोद सिंह चौहान, गजेंद्र खाती, विनोद विजल्वाण, कुंदन सिंह, जगत सिंह असवाल, शूरवीर गुसाईं, राजेश रावत, जोत सिंह आसवाल, गोपाल सिंह चौहान, अंकित सजवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### शराब का बहिष्कार करने वाले गांवों को देंगे पांच लाख : किशोर

नई टिहरी : विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां पर शराब का प्रचलन नहीं होना चाहिए। शराब से एक ओर जहां संबंधित व्यक्ति को आर्थिक नुकसान होता है, वहीं शारीरिक दिक्कत के साथ ही परिवार के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। चंबा ब्लॉक की सारज्यूला पट्टी के पांगरखाल में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर पहुंचे विधायक ने कहा कि वह शराब के पूर्ण प्रतिबंध के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में और खासकर टिहरी जिले में वैवाहिक कार्यक्रमों में कॉकटेल पार्टी का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। कहा कि उनकी विधानसभा के जिस भी गांव में शादियों सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में कॉकटेल पार्टी का बहिष्कार किया जाएगा, वह उस गांव में विकास के लिए विधायक निधि से 5 लाख की धनराशि देंगे। विधायक किशोर ने कहा कि पहाड़ों में किड़नी और लीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने का प्रमुख कारण शराब है। ऐसे में शराब पर सामाजिक प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किया जाए

रुद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अंनन्तिम आरक्षण सूची प्रकाशित होने पर जिला पंचायत वार्ड बजीरा को ओबीसी महिला के लिए आरक्षित करने पर निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य व विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला निर्वाचन अधिकारी रुद्रप्रयाग व अन्य पिछड़ी जाति आयोग उत्तराखण्ड को ज्ञापन भेजकर कहा है कि ओबीसी के तहत जितने नाम मतदाता सूची में अंकित हैं, उन सबको ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किया जाए। भूपेंद्र सिंह भंडारी ने ज्ञापन में कहा कि पंचायत चुनाव 2025 के लिए बजीरा जिलापंचायत वार्ड ओबीसी महिला हेतु आरक्षित की गयी है। भूपेंद्र भंडारी ने कहा है कि प्रश्न यह है कि जितनी जनसंख्या ओबीसी की दिखाई गई है उन सबको ओबीसी प्रमाण पत्र जारी क्यों नहीं किये जा रहे हैं।

### आज लगेगी कार्डियो ओपीडी

श्रीनगर गढ़वाल : बेस अस्पताल में कार्डियो ओपीडी कल (आज) लगाई जायेगी। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि बेस चिकित्सालय श्रीनगर में बुधवार को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया मरीजों को परामर्श देंगे। बताया कि अस्पताल के जनरल मेडिसिन ओपीडी के समीप कार्डियो ओपीडी लगाई जायेगी। (एजेंसी)

# ..तो वर्षा काल में तालाब बन जाएंगी शहर की सड़कें

### जगह-जगह अतिक्रमण के कारण संकरी हुई शहर की नालियां



कोटद्वार में हल्की बारिश के दौरान ही तालाब बनी सड़कें

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर में वर्षाकाल निकासी के लिए बनाई गई नालियां अतिक्रमण की जद में हैं। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान शहर की सड़कें तालाब बन सकती है। हालत यह है कि कई स्थानों पर तो पक्के निर्माण से नालियों का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। वर्तमान में भी हल्की बरसात के दौरान सड़कें तालाब बन रही हैं।

वर्षाकाल के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम नालियों की सफाई करवा रहा है। लेकिन, असल में जल भराव का मुख्य कारण वर्षा जल निकासी के लिए बनाई नालियों का संकरा होना है। दरअसल, कई वर्ष पूर्व नालियां दो-दो फुट से अधिक होती थी, जिससे वर्षा जल आसानी से निकल जाता था। लेकिन, समय के साथ लोगों ने सड़क किनारे अतिक्रमण करते हुए नालियों के अस्तित्व को ही ढक दिया है। ऐसे में नगर निगम भले ही नालियों की सफाई कर लें। लेकिन, संकरी नालियों से वर्षा का बेहतर तरीके से निकालना एक चुनौती है। हालत यह है कि बदरीनाथ मार्ग से आने वाली दो फुट चौड़ी नाली झंडाचौक में आधा फुट की हो गई है। अतिक्रमणकारियों ने इस नाले पर भी अतिक्रमण कर दिया गया है। हल्की वर्षा होने पर झंडाचौक में जल भराव हो जाता है, जिसे कारण पूरे बाजार की व्यवस्था बिगड़ जाती है। स्टेशन रोड के लिए निकलने वाली नाली की भी यही स्थिति है। ऐसे में स्टेशन मार्ग पर जल भराव की स्थिति बनी रहती है। नजीबाबाद रोड में तो कई लोगों ने नाली के ऊपर ही पक्का निर्माण करवाया दिया है। ऐसे में हल्की वर्षा होने पर ही जल भराव हो जाता है। लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में सबसे बुरी स्थिति बनी हुई है। यहां कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण नालियों का अस्तित्व ही गायब हो गया है। ऐसे में यदि नालियों में एक पालीथिन भी फंस जाए तो पूरी शहर पानी-पानी हो जाता है।

**लापरवाह बना निगम**

शहर में अतिक्रमणकारी सड़क किनारे नालियों में पक्का निर्माण करवाते जा रहे हैं। बावजूद नगर निगम लापरवाह बना हुआ है।

कुछ सप्ताह पूर्व पदमपुर के वार्डवासियों ने नगर निगम से अपने क्षेत्र में नालियों में हो रहे अवैध निर्माण की बात कही थी। लेकिन, नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति में बारे में जानने की भी सुध नहीं ली। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थिति और अधिक विकराल हो सकती है।

### केंद्रीय विद्यालय खुलने का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया ने कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने का स्वागत किया है। कहा कि केंद्रीय विद्यालय कोटद्वार शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के नेतृत्व में कोटद्वार लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। पूर्व में चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता से केंद्रीय विद्यालय खोलने का वादा किया था। जिसे आज पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय विद्यालय खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति हुई है। इसका पूरा श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री, गढ़वाल सांसद व विधानसभा अध्यक्ष को जाता है। कहा कि कोटद्वार में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, रोडवेज बस अड्डा पुर्ननिर्माण, सुरक्षा दीवार निर्माण सहित अन्य कार्य तेजी से चल रहे हैं। जल्द ही शहरवासियों को कोटद्वार की एक बदली हुई तश्वीर नजर आएगी।

# महाकौथिगम सीजन-4 में रही सांस्कृतिक धूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : धुमाकोट महाकौथिग सीजन-4 का सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया है। अंतिम दिन लोकगायिक सोनिया रावत व महिमा उनियाल ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में ग्रामीण महाकौथिग का आनंद लेने के लिए पहुंचे हुए थे।

कार्यक्रम की शुरुआत लोक कला सांस्कृतिक समिति पौड़ी के दिगंबर धीमान ने कंडोलिया की स्मृति में गीत गाकर किया। लोक गायिका महिमा उनियाल ने आंख्यूं का बाण न चलो.. सहित अन्य गीत प्रस्तुत किए। सोनिया रावत ने बेडु पाको बार मासा.., चैता की चेत्वाली... सहित अन्य गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान अविनाश ध्यानी की गढ़वाली शार्ट फिल्म मेरी पीड़ा का विमोचन भी किया गया। फिल्म प्रोड्यूसर कुलदीप रावत ने बताया कि फिल्म यूट्यूब पर प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में पहाड़ में होने वाली परेशानियों को दर्शाया गया है। महाकौथिग के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के तहत महिला फैशन शो प्रतियोगिता में श्वेता रावत, युवतियों की फैशन शो प्रतियोगिता में सौम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। युवतियों के समूह नृत्य में रिंगल्टी और महिलाओं के समूह नृत्य में ग्राम पुंडेथा की महिलाएं प्रथम रही। गढ़वाली व्यंजन प्रतियोगिता में ग्राम पलासी की महिला मंगल दल अव्वल रही। इस मौके पर बीएम फाउंडेशन की विनीता नेगी, पीएन शर्मा, सोवन सिंह बिष्ट, पंकज पटवाल, रणबीर बिष्ट, नरेंद्र सिंह, मनीष सुंद्रियाल, वीरेंद्र पटवाल, अजीत बिष्ट, बीएल मधवाल, गबर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पोखड़ा के दर्जनों गांव में छाया अंधेरा, लापरवाह बना सिस्टम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लगता है सरकारी सिस्टम को गांव में रह रहे ग्रामीणों के हितों से कोई मतलब नहीं रह गया है। तभी तो दो दिन से विकासखंड पोखड़ा के दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं और अब तक लाइन मरम्मत की सुध तक नहीं ली गई है। अंधेरे में जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पाखेड़ा के नौगांव, कासाणी, मटगल, बगड़ी, असलखेत, सकनोली, नौखौली, भैसोड़ा, दीवाधार, सिलत सहित अन्य गांव में पिछले दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। नतीजा, शाम ढलते ही पूरे गांव अंधेरे में डूब जाते हैं। ग्रामीण अनूप बहुखंडी ने बताया कि विद्युत बहाली के लिए कई बार ऊर्जा निगम को सूचना दे चुके हैं। लेकिन, अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। बताया कि अंधेरे में जंगली जानवरों का खतरा बढ़ गया है। जबकि, कई गांव के आसपास लगातार गुलदार की भी धमक बनी हुई है। ऐसे में यदि रात के अंधेरे में कोई घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। बताया कि वर्तमान में कई प्रवासी अपने गांव भी आए हुए हैं। ऐसे में ग्रामीणों के साथ ही प्रवासी भी परेशान हो रहे हैं। गांव के ग्रामीणों के विद्युत उपकरण केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। कहा कि यदि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### योग दिवस को लेकर तैयारियां तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि समिति 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारी में जुटा हुआ है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकाल का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिसके लिए विगत तीन दिनों से गुरूराम पब्लिक स्कूल में योगाभ्यास करवाया जा रहा है। योग दिवस को उल्लास के साथ मनाने के लिए पतंजलि समिति की तरफ से निमंत्रण कार्ड भी वितरित किए गए। जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकाल के हिसाब से योग दिवस की तैयारियां करवाई जा रही है, जिसमें गुरूराम स्कूल में योगाभ्यास करवाया जा रहा है। जिससे लोगों में योग के प्रति जागरूक किया जा सके। कहा कि बुधवार से टाटा कार्मिशियल मोटर के समीप व मालवीय उद्यान में योग से संबधित कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे। कहा कि स्कूलों में योग से संबधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी।

# निरोग रहने के लिए जरूरी है योग : डा. नौटियाल

### पैठाणी स्थिति राहु इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया योग शिविर



पैठाणी में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास करते साधक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व पैठाणी स्थित राहु इंद्रेश्वर महादेव मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग शिक्षक व नोडल अधिकारी नमामि गंगे डा. शिव चरण नौटियाल ने लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ कार्यों के लिए हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने योग के फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

आयोजित योग शिविर का शुभारंभ राज्य सहकारी संघ के निवर्तमान अध्यक्ष मातबर रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। कहा कि देशभर में योग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। हर कोई स्वस्थ हो रहा है। पैसे की प्रतिष्ठा होने के बाद भी व्यक्ति तनाव, अवसाद, नींद की समस्या, मधुमेह और मोटापे से ग्रस्त है। उन्हें लगता है कि वित्तीय स्वास्थ्य के अलावा शारीरिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है और यह योग से प्राप्त होगा। नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ. शिवचरण नौडियाल ने योग शिविर में उपस्थितजनों को विभिन्न योग मुद्राओं, प्राणायाम, ध्यान व तनाव मुक्ति अभ्यासों की जानकारी दी। साथ ही संतुलित खानपान, दिनचर्या, प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन भी शांत और एकाग्र होता है। योग अनुदेशक विजय रतूड़ी, योगाचार्य सौरभ शर्मा व योगाचार्य कार्तिक श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन आनंद रावत पार्थ ने किया। इस मौके पर भाजपा पैठाणी मंडल के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर मानवर रावत, भाजयुमो जिला महामंत्री एडवोकेट नवीन गुसाई, देवेन्द्र भण्डारी, डबल रावत, आलम रौथाण, राजेश रतूडी, सुनील नेगी, व्यवसायी राम सिंह, मन्दिर समिति के अध्यक्ष विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

# कमलेश कुमार को डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर हुआ स्वागत



कमलेश कुमार को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से संचालित दिव्यांग विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग विद्यालय के संचालक कमलेश कुमार को डाक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर खुशी व्यक्त की गई।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजसेवी सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि यह उपाधि उनके सामाजिक कार्यों हेतु प्रदान की गई है। कार्यक्रम में मौजूद दर्जाधारी राज्यमंत्री राजेंद्र अंथवाल ने कहा कि कमलेश कुमार निःशुल्क दिव्यांग विद्यालय चलाकर पुण्य का कार्य कर रहे हैं, इसलिए वे सम्मान के उचित पात्र हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नन्दकिशोर ढौंडियाल ने कहा कि कमलेश कुमार के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए और दीन दुःखियों के जीवन में खुशियां लाने के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। समाजसेवी डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि आज के समय में निःशुल्क दिव्यांग विद्यालय का संचालन करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

उनके इन कार्यों को देखते हुए ही मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद ने उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा। कार्यक्रम में कांग्रेस नेत्री रंजना रावत, पार्षद सुखपाल शाह, पार्षद प्रवेंद्र रावत, पी.एल खंतवाल, प्रवेश चंद्र नवानी, प्रमोद कुमार चौधरी, मनवर लाल भारती और सुदीप बौंठियाल आदि थे।

### ग्रामीणों ने की पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले के त्वरित समाधान दल की ओर से कल्जीखाल के ग्राम दलमोटा में अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीण ने गांव में पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यह क्षेत्र एक फलदार पेटी है और यदि पंपिंग योजना का निर्माण किया जाता है तो इससे ना केवल पेयजल संकट का समाधान होगा, बल्कि पलायन में भी कमी आएगी। दलमोटा में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने अधिकारियों को पशुपालन, आपूर्ति, पेयजल, कृषि और लोनिवि से जुड़ी समस्याएं बताई।बैठक में प्राप्त समस्याओं व सुझावों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक सं0 85/निवि0सूं0/ 2025-26 दि0 16 जून 2025

**बिड सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली क्षेत्रान्तर्गत सतपुली थाने के समीप नवनिर्मित बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लैक्स के प्रथम तल (अंतिम तल) में बने 12 कमरों को किराया पद्धति के माध्यम से आवंटन करने हेतु लिफाफा प्रणाली (Two Bid System) के अन्तर्गत होटल एवं होमस्टे व्यवसाय के अनुभवी फर्म जो कि नगर पंचायत सतपुली में ही व्यवसाय कर रही हो से बिड आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड जिसमें सभी वांछित अभिलेखों की प्रति (निविदा प्रपत्र के साथ संलग्नक सूची अनुसार) एवं दूसरा लिफाफा वित्तीय बिड जिसमें निम्न कार्य हेतु इच्छुक प्रतिभागी द्वारा दरें प्रस्तुत करनी होगी। बिड प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 30 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक समय अपराहन् 04:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते है। सीलबंद बिड नगर पंचायत सतपुली कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 02 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही स्वीकार की जाऐंगी जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो बिड अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | किराये का न्यूनतम मूल्य (12 कमरों का) | ई0एम0डी0 धनराशि | आवंटन की अवधि | बिड प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थाने के समीप नवनिर्मित बहुमंजिला शॉपिंग कॉप्लैक्स के प्रथम तल में बने 12 कमरों का किराया पद्धति से आवंटन। | रू0 2.88 लाख प्रति वर्ष | रू0 2.88 लाख | 3 वर्ष | रू0 1000 +18 प्रतिशत GST |

शर्तें– समस्त बिड को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति नगर पंचायत सतपुली के पास सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायलय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**
**पौड़ी गढ़वाल**

(01034/65)


# कर्मचारियों ने सीखें योग के गुर



थलीसैंण ब्लॉक सभागार में योग के आसन का अभ्यास करते हुए कर्मचारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : थलीसैंण ब्लॉक सभागार में आयुर्वेदिक एवं युनानी विभाग पौड़ी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व अभ्यास किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान, व्रजासन, उष्ट्रासन, शशकासन, त्रिकोणासन, ताडासन आदि आसनों का अभ्यास कराया।

मंगलवार को आयोजित पूर्व अभ्यास में चिकित्सक संदीप भट्ट ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वास्थ्य उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कहा कि स्वस्थ होने के लिए योग करना बहुत जरूरी है। हर रोग का निदान योग में है। इसलिए हमें नित्य योग करना चाहिए। डा. सतेंद्र सेमवाल ने योगाभ्यास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग योग शिविर में पहुंचे। कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और अन्य लोगों को भी शिविर में आने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी आकाश बेलवाल, योग अनुदेशक मधुकर ढौंडियाल, अरविंद रावत फार्मासिस्ट रितेश नौटियाल, चिकित्सा सेवक सतेन्द्र सिंह नेगी, वन दरोगा मदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने फूंका भाजपा प्रदेश प्रभारी का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीते दिनों केदारनाथ में गौरीकुंड के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे के बाद भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम पर विवादित बयान देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने हेली संचालन के लिए कड़े नियम बनाने की भी मांग उठाते हुए भाजपा के पदाधिकारियों के विवादित बयानबाजी पर भी रोक लगाने की मांग की।

मंगलवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि बीते दिनों केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया था। जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई थी। कहा कि हादसे के बाद भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने विवादित बयान दिया। जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

आरोप लगाया कि सरकार की हीलाहवाली से हेली हादसे हादसे हो रहे है। प्रदर्शन करने वालों में पार्टी के नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत, उपाध्यक्ष यशोदा नेगी, सुंदरलाल मुयाल, जिला अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष राहत हुसैन, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष श्रीकांत, नगर सचिव अनूप सिंह शबाना आजमी, वीरेंद्र रावत, अनिल कुमार, सर्वेश्वर, उपेंद्र रावत, हिमांशु गुप्ता आदि शामिल रहे।

# गुल्डी गांव के लोगों की प्यास बुझा रही सोलर पंपिंग योजना

नई टिहरी : चंबा ब्लाक के गुल्डी गांव में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन को लेकर जल जीवन मिशन के तहत 44 लाख रुपये की लागत से बनी सोलर पंपिंग योजना 50 से अधिक परिवारों को पानी दे रही है। जिससे गांव के लोगों को पर्याप्त पेयजल की सुविधा मिल रही है। केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हर घर जल योजना के तहत गुल्डी गांव लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनाई सोलर पंपिंग योजना ग्रामीणों को खासी लाभान्वित कर रही है। इस योजना से गांव के लगभग 55 परिवारों को पर्याप्त पानी मिल रहा है। ग्रामीण योजना से खासे संतुष्ट नजर आ रहे हैं। योजना को लेकर ईई पेयजल निगम चम्बा केएन सेमवाल ने बताया कि गुल्डी में ग्रेवटी का स्त्रोत उपलब्ध न होने के कारण सोलर पंपिंग योजना बनाई गई। इसके तहत गुल्डी गांव के ऊपर एक टैंक बनाया गया है। गांव के नीचे जल स्त्रोत से पानी टेप करके पंपिंग के माध्यम से पानी के टैंक तक पहुंचाया जाता है। पेयजल टैंक की जलाशय क्षमता 30 हजार किलोलीटर है। इससे तकरीबन 50 से 55 परिवारों को पेयजल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि पंपिंग स्टेशन का रख-रखाव एवं संचालन ग्राम पंचायत गुल्डी ही कर रहा है। ग्राम प्रधान गुल्डी परमजीत सिंह सजवान का कहना है कि हमारे यहां पहले पीने का पानी चंबा पंपिंग योजना से आता था, जो 2-3 दिन में गांव पहुंचता था। सोलर पंपिंग योजना से हमारे यहां स्टोरेज टैंक और वाटर सप्लाई टैंक का निर्माण किया गया है। इस योजना के तैयार होने के बाद से अब गुल्डी गांव के लोगों को पानी की किल्लत से नहीं जूझना पड़ता है। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्सा के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 57-DRM-MB-25-26 dt, 16.06.2025 |
| Name of Work | Safety related miscellaneous track activities in the section of SSE/Pway/MB under ADEN/HQ. |
| Tender Closing Date & Time | 09.07.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,39,99,995.27 |
| Earnest Money (Rs.) | 220000.00 |
| Tender Cost (Rs) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 25.06.2025 |
| Period of Completion | 60 Month |

No. 75-W/2/3/WA/Publication DATED: 16.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1786/25



''जल संचय-जीवन संचय''

-01382-222219
फैक्स नं0- 01382-222219

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान

बद्रीनाथ मार्ग, निकट बुद्ध पार्क, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)
E-Mail ID- ujs_eekotdwar@rediffmail.com, ujseekotdwar@gmail.com

पत्रांक 914 / निविदा / 2025-26 दिनॉक 17.06.2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 750/निविदा / 2025-26 दिनांक 04.06.2025 के द्वारा कोटद्वार विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत हल्दूखाता जोन, सिगड्डी जोन एवं सनेह जोन (भाग-3) के अन्तर्गत पाईप लाईन सुद्ढीकरण हेतु आमंत्रित निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अभियन्ता**

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस का भाजपा प्रदेश प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी ने देहरादून में भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के खिलाफ प्रदर्शन किया। किशननगर चौक पर मंगलवार को एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करने के साथ ही पुतला भी फूंका। उन्होंने केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे को लेकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहे दुष्यंत गौतम के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि भाजपा के जिम्मेदार नेता हेलीकॉप्टर हादसे पर गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा की भाजपा को आम जन की जान से कोई सरोकार नहीं है। चारधाम यात्रा शुरू होने से अब तक 40 दिन में पांच हवाई हादसे हो चुके हैं। गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही सरकार को चेता रही है कि हेली सेवा प्रदान करने वाली कंपनियां मनमानी कर रही हैं वो मानकों का ध्यान नहीं रख रही हैं। समय सीमा का भी ध्यान नहीं रख रही है, लेकिन सरकार ने विपक्ष की आवाज तक को नहीं सुना और हेली कंपनियों को मनमानी की पूरी छूट दे रखी है। अब हादसा होने पर इस तरह के बयान देकर खुद की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, कार्यक्रम संयोजक सूरज छेत्री, पार्षद अभिषेक तिवारी, रॉबिन त्यागी, प्रमोद गुप्ता, अर्जुन पासी, जगदीश धीमान ,सुमित्रा ध्यानी, ट्विंकल अरोड़ा, आलोक मेहता, अनूप पासी, संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, पूनम छेत्री, विजेंद्र चौहान, अशोक कुमार, वीरेंद्र पंवार, लकी राणा, संजय गौतम, अभिनय बिष्ट, गगन चचर, सुनील थपलियाल, मेहताब आलम, दीपक गुप्ता, अंकित थापा, नितीश राजौरिया समेत अन्य शामिल हुए।

### वन भूमि पर भूमाफिया की गिद्ध दृष्टि टिकी है: आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि देहरादून में खलंगा के जंगल में आरक्षित वन क्षेत्र के भीतर 40 बीघा वन भूमि पर अतिक्रमण और निर्माण कार्य ने राज्य की भू–प्रबंधन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार से जुड़ा विषय है। उन्होंने इस मामले में उच्चस्तरीय समय निर्धारित जांच की मांग की है। मीडिया को जारी बयान में मंगलवार को आर्य ने कहा कि नालापानी क्षेत्र के इस जंगल पर भूमाफिया की गिद्ध दृष्टि टिकी हुई है, जो यहां पर कैंपिंग और रिजॉर्ट बनाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

आश्चर्यजनक यह है कि रिजर्व फॉरेस्ट के भीतर इस जमीन को अपना बता कर एक व्यक्ति ने दूसरे को लीज पर दे दिया। आर्य ने कहा कि अगर यहां कैंप या रिजॉर्ट बनता है तो करीब पांच हजार साल के पेड़ों के अस्तित्व पर संकट छा जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गंभीर बात यह है कि वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य चल रहा है और वन विभाग, पुलिस और सरकार को इस गतिविधि की कोई जानकारी नहीं थी।

# रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिका में विलय किया जाएं

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिकाओं के साथ विलय करने का अनुरोध किया। जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन एवं जनसुविधाओं के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। धारचूला और जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड को आरसीएस हवाई सेवा के अंतर्गत उपयोग करने के लिए अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया।



राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के लिए भारतीय वायु सेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किये जाने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ग्वालदम से नंदकेसरी होते हुए थराली देवाल-मुन्दोली-वाण मोटर मार्ग के रख-रखाव एवं अनुरक्षण का कार्य भविष्य में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने का अनुरोध केन्द्रीय रक्षा मंत्री से किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग राज्य की महत्वपूर्ण नंदा देवी राजजात यात्रा का मुख्य मार्ग है। प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण यात्रा है, जो वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। यह यात्रा राज्य की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था की प्रतीक है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# अक्षय ऊर्जा स्रोत में आगे बढ़ रहा बीईएल



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड की कोटद्वार इकाई ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इकाई ने वित्त वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत विद्युत आवश्यकताओं को अक्षय ऊर्जा स्रोत के उपयोग को प्राप्त किया है। वित्तीय वर्ष में बीईएल ने सभी विद्युत आवश्यकताओं का 45 प्रतिशत उपयोग पांच सौ किलोवाट के घरेलू उत्पादित सौ ऊर्जा के माध्यम से प्राप्त किया है। आने वाले वर्षों में इकाई अपनी सभी विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। इससे राष्ट्रीय ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रयासों को भी बल मिलेगा। साथ ही इससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोत जैसे डीजल, पट्रोल और कोयले पर भी निर्भरता कम होगी। जिससे किसी तरह का प्रदूषण भी नहीं होगा।

# पशुपालन विभाग व नगर पंचायत आवारा पशुओं के विचरण पर रोक लगाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को यमकेश्वर में तहसील दिवस आयोजित किया गया। जिसमें कुल 9 शिकायतें दर्ज हुई। इसमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष को लेकर संबंधित अफसरों को एक पखवाड़े के भीतर निस्तारण के निर्देश डीएम ने दिए। डीएम ने पशुपालन विभाग व नगर पंचायत को पुलिस विभाग के सहयोग से आवारा पशुओं के विचरण पर रोक लगाने को कहा। कहा यदि कोई लापरवाही हुई तो संबंधित क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी व नगर पंचायत के अफसर की जवाबदेही तय होगी। यमकेश्वर के गीता आश्रम परिसर में आयोजित तहसील दिवस में ग्राम पंचायत घायखाल के मनोज नेगी ने तहसील यमकेश्वर के तोक ढ़िकेडा, गौरीखेत, थपड़ियालखेत में बिजली के जर्जर खंभों की शिकायत की। नगर पंचायत जौंक के सभासद जितेंद्र सिंह धाकड़ ने पंचायत क्षेत्र में आवारा गौ वंशीय पशुओं के लिए आश्रय स्थल बनाये जाने की आवश्यकता बताई। सीएम की घोषणा के तहत मिनी स्टेडियम बनाये जाने को लेकर सभासद की एक अन्य शिकायत पर डीएम ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। अवैध रेहड़ी और ठेली लगाने के कारण आवागमन की मुख्य सड़क को प्रभावित होता हुआ देख डीएम ने नाराजगी जताई और नगर पंचायत जौंक के ईई को राजस्व विभाग के साथ अवैध वेंडर्स व अतिक्रमण को नहीं हटाने को कहा।

### भालू ने गोशालाओं को किया क्षतिग्रस्त

चमोली : चमोली जनपद के पोखरी क्षेत्र में ग्राम पंचायत नैल में इन दिनों भालू का आतंक बना हुआ है। मंगलवार को नैल गांव के धर्म सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नैल में भालू ने उमाशंकर, भीमराज सिंह, कल्याण सिंह और धर्म सिंह की गोशाला को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिसके कारण ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से निरिक्षण मुआवजे की मांग की है। पूर्व प्रधान संजय रमोला ने कहा अब तक चार गोशालाओं को भालू ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। हर साल गोशालाओं को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। वन विभाग को भालू के इस प्रकार के आतंक के लिए उचित कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी ने कहा भालू के द्वारा जो क्षतिग्रस्त गोशालाओं की जानकारी मिली है उनका निरक्षण किया जाएगा। (एजेंसी

# तहसील दिवस में ग्रामीणों ने दर्ज कराई पानी, बिजली, शिक्षा, सड़क शिकायतें

चमोली : अपर जिलाधिकारी चमोली की अध्यक्षता में मंगलवार को दशोली विकासखण्ड सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम/तहसील दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से 24 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में ग्रामीणों की ओर से पेयजल, विद्युत, संचार, शिक्षा और संड़क से संबंधित शिकायतें दर्ज की गई। अपर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए.विकास खंड दशोली (चमोली) के सभागार में आयोजित तहसील दिवस में लुहां गांव निवासी देवेन्द्र सिंह जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाईन का निर्माण मानकों के अनुसार न किए जाने और गडोरा-लुहां सड़क की दयनीय स्थिति के सुधारीकरण की मांग की। मौली-मानुरा गांव



निवासी भगत सिंह ने ब्यारा-मौली सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी शुरु न होने की शिकायत दर्ज की। कहा कि सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों को आज भी यातायात सुविधा के लिए 19 किमी की पैदल दूरी नापनी पड़ रही है। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से वन्य जीवों की ओर से खेतों को पहुंचाए जा रहे नुकसान से सुरक्षा व्यवस्था की तथा अटल आवास योजना के पंजीकरण में हो रही समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई गई। ग्रामीणों की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने अधिकारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

# नरेंद्रनगर को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाए

नई टिहरी : भूमि बंदोबस्त संघर्ष समिति ने नरेंद्रनगर शहर का भूमि बंदोबस्त कराए जाने को लेकर डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि 1949 को टिहरी रियासत का विलय भारत सरकार में हो गया था। लेकिन इतने लंबे समय बाद भी नरेंद्रनगर उत्तराखंड सरकार के राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को भू-स्वामित्व का अधिकार नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूरत राम आर्य के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से डीएम से मुलाकात का समस्याएं बताई। बताया कि नगर, शहर और आसपास के क्षेत्र के गांव में 76 साल बाद भी स्वामित्व का अधिकार नहीं मिल पाया है। बताया कि नरेंद्रनगर की भूमि उत्तराखंड सरकार के अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाई है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि भूमि बंदोबस्त



न होने के कारण अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र बखरियाणा सड़क से नहीं जुड़ पाया है। साथ ही सरकारी संस्थाओं की स्थापना भी नहीं हो पा रही है। जबकि नरेंद्रनगर में बड़ी संख्या में भूमि खाली पड़ी हुई है। बताया कि वर्तमान में सरकार नरेंद्रनगर समेत पांच शहरों का ड्रोन के माध्यम से सर्वे करवा रही है। ऐसे में सर्वे के साथ ही नरेंद्रनगर का भूमि बंदोबस्त की जाए। जिससे नरेंद्रनगर का भूमि रिकॉर्ड राजस्व विभाग में दर्ज हो सके। ज्ञापन पर संरक्षक धर्म सिंह चौहान, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र राणा, दुर्गा राणा, राजेंद्र गुसाईं, रघुवीर सिंह, बिहारी लाल धीमान, प्रमोद उनियाल आदि के हस्ताक्षर शामिल है। (एजेंसी)

### खलंगा मामले में उच्च स्तरीय जांच कराए वन विभाग: कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने खलंगा क्षेत्र में वन अतिक्रमण एवं पेड़ काटने के मामले में एक ज्ञापन प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन को सौंपा। युवा इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह क्षेत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता सुजाता पॉल के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत दिनों खलंगा क्षेत्र में भूमाफियाओं की ओर से वर्षाजन्य प्रजाति साल के कई वृक्ष अवैध रूप से काटे गए हैं। यह कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण कानूनों का घोर उल्लंघन है, बल्कि वन विभाग की निष्क्रियता एवं लापरवाही का भी द्योतक है। क्षेत्री ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि वृक्षों की इस अवैध कटाई की जानकारी विभाग को तब हुई, जब स्थानीय लोगों ने इस विषय को सोशल मीडिया के जरिए उठाया।

# जिले के दूरस्थ गांवों में बजेगी मोबाइल फोन की घंटी

चमोली : जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने यूनिवर्सल सर्विस आब्लिगेशन स्कीम के अंतर्गत चमोली में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मंगलवार को आयोजित बीएसएनएल 4 जी सैचूरेशन टावरों के प्रगति की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित बीएसएनएल 4 जी सैचूरेशन मोबाइल टावरों की स्थापना कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि स्थल चयन, बिजली कनेक्शन, भूमि समन्वय और अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया में यदि कोई अड़चन हो तो उसे तत्काल जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को शीघ्र ही टावर के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि बरसाती मौसम में दूरस्थ गांवों में कनेक्टिविटी प्रभावित न हो। जूनियर टेलिकॉम अधिकारी ने जानकारी दी कि यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के अंतर्गत चमोली जिले में 10 साइट पर मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं, जिनमें से अनसूया साइट, हडुंग लगा सेजी साइट, स्कंड साइट पर टावरों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष पर कार्य प्रगति पर है।

बताया कि जुलाई तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। बताया कि गोणा चक धारकुमाला साइट, भ्यूडार साइट, द्रोणागिरी साइट और पेंग चकलाता साइट पर संकरे रास्ते के कारण साइट पर उपकरणों को ले जाने में कठिनाई हो रहीं है, लेकिन इसका जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा।

### एफआरआई में कर्मचारियों को सिखाया कार्यालय योग

देहरादून। विस्तार प्रभाग वन अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को जिला आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय के सहयोग से कार्यालय योग पर प्रशिक्षण व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों को आफिस में बैठे बैठे योग से लाभ लेने के बारे में बताया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विस्तार प्रभाग प्रमुख और प्रभारी रिचा मिश्रा ने की। उन्होंने दैनिक कार्यालय कार्यों में स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि आज के स्थिर कार्य वातावरण में थोड़ी सी सजगता और छोटे–छोटे शारीरिक व्यायाम भी शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्पष्टता में उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कार्यालय योग को अपनाने का आग्रह किया। जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दोहरे मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

चमोली : जनप्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। कालेश्वर के पूर्व प्रधान हरीश चौहान ने कहा कि यदि 2011 की जनगणना को आधार माना गया है तो उसके हिसाब से 2025 में कालेश्वर क्षेत्र पंचायत सदस्य पद अनारक्षित होना चाहिए था, जबकि यह पद महिला आरक्षित कर दिया गया है। राजेन्द्र नेगी का कहना है कि सरकार द्वारा 2014 एवं 2019 के चुनाव में 2011 की जनगणना के रोस्टर के आधार पर किये गए। 2025 के चुनाव को अब सरकार शून्य रोस्टर से करवाने जा रही है, जो कि सरासर गलत एवं दोहरी नीति का पर्याय है। हरीश चौहान का कहना है कि उत्तराखंड शासन द्वारा प्रधान पद पर सीटों के चयन का आधार जनसंख्या रखा गया है। जबकि बीडीसी एवं जिला पंचायत पद पर आरक्षण के चयन का आधार जनसंख्या का अनुपातिक क्रम रखा गया है, जो कि सरासर निराधार एवं तथ्यहीन है। उत्तराखंड शासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जनता एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं निस्तारण के लिए ऑनलाइन सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं थी। जबकि नगर निकाय चुनाव में आपत्ति दर्ज करने एवं निवारण हेतु ऑनलाइन की सुविधा दी गई थी। ऐसे में आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों को जनपद मुख्यालय गोपेश्वर का मीलों दूरी का सफर तय करना पड़ा।

### भारतीय वन्यजीव संस्थान में योग शिविर 19 से

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऋषि कल्प आश्रम भारतीय वन्यजीव संस्थान चंद्रबनी में 19 से 21 तक योग शिविर का आयोजन करेगा। मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में आश्रम के प्रवक्ता मनमोहन शर्मा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया योग प्रशिक्षण योगाचार्य अरुण कुमार देंगे।

अरुण कुमार ने बताया कि हमने पूरे देश भर में कई सौ योग शिविर लगाकर जन मानस को निशुल्क लाभ दिया है। योग जीवन जीने की कला सिखाता है जो व्यक्ति प्रतिदिन योग करता है। वह हमेशा स्वस्थ एवं निरोग रहता है। इस दौरान लालचंद शर्मा, सोनू कुमार,पीयूष गौड़ भी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में हुए ऐतिहासिक कार्य

रुद्रप्रयाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा के तहत नगर मण्डल एवं ग्रामीण मण्डल अगस्त्यमुनि का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया। नगर मण्डल अगस्त्यमुनि मनोज राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियों को देश के लिए ऐतिहासिक एवं दिशा निर्धारक बताया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं, जिनका लाभ सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने विभिन्न अभियानों को उल्लेखनीय उपलब्धियों के रूप में गिनाया। कहा कि केदारनाथ के पुनर्निर्माण के कार्यों से यात्रियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति सुधरी हैं। जिसके परिणाम स्वरूप लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रहे हैं जिससे हजारों लाखों लोगों का रोजगार बढ़ रहा है। विधायक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री बदरी केदार मन्दिर समिति के उपाध्यक्ष विजय कपरवाण एवं पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के इन 11 वर्षों में विकास की बयार चली है, जिससे भारत के विकसित बनने की राह प्रशस्त हुई है। सम्मेलन को पूर्व जिपं उपाध्यक्ष सुमन्त तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष शकुन्तला जगवाण आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर गंभीर सिंह बिष्ट, सरला भट्ट, पूर्व जिपंस सुमन सिंह नेगी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बृजमोहन नेगी, नगर महामंत्री त्रिभुवन नेगी, चरण सिंह राणा, रघुवीर लाल, चन्द्रशेखर बेंजवाल, अजय जोशी, हरिहर रावत, महावीर नेगी, सोबती देवी, भुवनेश्वरी बिष्ट, सुखदेवी देवी, सुनीता नेगी, राहुल, दिनेश सेमवाल, मदन सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह, मगन सिंह बड़वाल, श्यामलाल चंद्रवाल, रणजीत सिंह, चंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)


## कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली गढ़वाल

**पत्रांक 220 / कृ0ए0भू0सं0अ0/ निविदा पत्रा0/ भण्डार / 2025–26/ दिनांक 16/6/2025**

**पंजीकरण के सम्बन्ध में विज्ञप्ति / सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित को किया जाता है कि कृषि निदेशक उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक कृ0नि0/1299/तक सम्प्रे0स0/ नियामावली ठेक-पंजी 2022-23/17 जून 2019 के क्रम में कृषि कार्यों (जैसे घेडबाड़, सिंचाई टैंट, सिंचाई गूल, रूप रेन वाटर ककेक्शन टैंक, चैक डैम, रिटेनिंगवॉल, ब्रेस्टवाल, कच्चे तालाब, पौधरोपण, मृदाकार्य आदि) के सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ठेकेदारों / संस्थाओं का पंजीकरण किया जाना है। इच्छुक ठेकेदार / संस्थाये जो कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई सतपुली के अधीन (विकासखण्ड-एकेश्वर, पोखड़ा एवं जयहरीखाल क्षेत्र के अन्तर्गत) उपरोक्त विवरणानुसार पंजीकरण हेतु इच्छुक ठेकेदार, आवेदन प्रपत्र का प्रारूप एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19.06.2025 तक प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे के मध्य ठेकेदार श्रेणी डी-रू0 1000.00 +18% जी0एस0टी0=1180.00 (एक हजार एक सौ अस्सी रू0 मात्र) तथा ठेकेदार श्रेणी ई-रू0 500.00 +18% जी0एस0टी0=590.00 (पॉच सौ नब्बे रू0 मात्र) भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 28.06.2025 होगी। अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी**
**सतपुली गढ़वाल**



## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 60-DRM-MB-25-26 Date 12.06.2025 |
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electric Type) – 33 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 15.07.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 5,30,64,574.20 |
| धरोहर राशि | 4,15,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 01.07.2025 |

टेन्डर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक : 17.06.2025 1804/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### मानसून सीजन में स्थगित हो हैली सेवा

देहरादून। भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि मानसून सीजन में केदारनाथ रूट पर हैली सेवा को स्थगित किया जाना चाहिए। इस अवधि में राज्य सरकार को इसकी खामिंया जांच कर दुरूस्त करने के लिए पर्याप्त समय भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों, पायलट व कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह आवश्यक है की पुनः हैली सेवा शुरू करने से पूर्व इसकी खामियों की बारीकी से जांच पड़ताल सुनिश्चित की जा सके। जुगरान ने कहा की उच्च हिमालय में मौसम के पल–पल में बदलते मिजाज को समझ पाना टेढ़ी खीर है। ऐसे में मानसून सीजन में उच्च हिमालय क्षेत्रों में हैली सेवाओं का संचालन जोखिम भरा भी है। कहा कि केदारनाथ में हैली सेवाओं के संचालन में अनेक खामियां सामने आ रही हैं।

# पारदर्शिता के साथ हो राशन का वितरण का काम

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अपर आयुक्त खाद्य पीएस पांगती से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारी को राशन वितरण में पेश आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी दी। साथ ही राशन वितरण के कार्य में पारदर्शिता लाने को ठोस कदम उठाने की मांग की। केंद्रीय महामंत्री किरन रावत ने कहा कि उत्तराखंड में आपूर्ति के सापेक्ष वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त हो रही हैं। जरूरत मंदो के लिए सफेद राशन कार्ड पर राशन वितरण समुचित तरीके से नहीं मिल पा रहा। जबकि सफेद राशन कार्ड का फायदा वो लोग उठा रहे हैं जिनके घर में चौपहिया वाहन खड़े हैं। संदिग्ध लोगों के राशन कार्ड बनने को लेकर सवाल खड़े किए। जिसके आधार पर लोग अन्य सभी महत्पूर्ण दस्तावेज बनवा लेते हैं। जो राज्य हित में भविष्य में बहुत बड़ा खतरा है। केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि कई लोग राशन कार्ड से राशन नहीं लेते, लेकिन आयुष्मान से इलाज के लिए राशन कार्ड बनवा रहे हैं। इससे सरकार को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा राशन की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए। अधिकारी से कहा कि गोदामों में खाद्यान को सुरक्षित रखने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे बहुत सारा राशन खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पूर्व में हुए करोड़ों के चावल घोटाले की आज तक कोई जांच सार्वजनिक नहीं की गई। कार्यकर्ताओं ने राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग उठाई।


**जयन्त**

**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com